समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 30 September 2026

# गांव की यादे करनी है ताजा तो 'ग्राम चिकित्सालय' जैसी ये 3 वेब सीरीज भी जल्दी से निपटा लीजिए।

Publisher

Published on 03 May 2025



**आपने अब तक गांव की पुरानी कहानियों पर बनी फिल्मों और वेबसीरीज को खब पसंद किया है, ऐसी ही एक शानदार सीरीज 'ग्राम चिकित्सालय' जल्द ही प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होने जा रही है.**

गांव की **खुशबू** और उसकी **बैकग्राउंड** पर बनी फिल्में हो या सीरीज, फैंस हमेशा से एक खास जुड़ाव महसूस करते आए हैं. इसी का परिणाम है कि हाल ही में गांव की कहानी पर बनी 'पंचायत' हो या '**दुपहिया**', खूब सफल हुईं और दर्शकों का खूब प्यार मिला. इन दो सफल सीरीज के बाद अब 'ग्राम चिकित्सालय' ओटीटी पर दस्तक देने जा रही है. सीरीज का ट्रेलर जारी हो चुका है.

**'ग्राम चिकित्सालय' का ट्रेलर रिलीज**

'**ग्राम चिकित्सालय**' का निर्माण **द वायरल फीवर** के बैनर तले **दीपक कुमार मिश्रा** ने किया है. सीरीज की कहानी को **वैभव सुमन** और **श्रेया श्रीवास्तव** ने लिखा है. वहीं, सीरीज को राहुल पांडे ने डायरेक्ट किया है. मेकर्स ने हाल ही में 'ग्राम चिकित्सालय' का ट्रेलर जारी किया, जिसमें डॉ. प्रभात (अमोल पाराशर) की बिखरी हुई, लेकिन खूबसूरत दुनिया की झलक दिखी.

**'ग्राम चिकित्सालय' की कहानी**

ट्रेलर में एक डॉक्टर, गांव की राजनीति, ग्रामीणों की शंका, दवाओं की कमी के बीच अन्य समस्याओं में उलझता दिखता है. तमाम समस्याओं के बीच डॉ. प्रभात गांव वालों का भरोसा जीतने के लिए जुटा रहता है. वह चुनौतियों को न केवल स्वीकार करता है, बल्कि उन्हें हल करने के लिए नए-नए रास्ते भी खोजता है.

**ये है ग्राम 'चिकित्सालय' के कलाकार**

'ग्राम चिकित्सालय' में अमोल पाराशर और विनय पाठक के साथ आकांक्षा रंजन कपूर, आकाश मखीजा, गरिमा विक्रांत सिंह और

आनंदेश्वर द्विवेदी जैसे शानदार कलाकार लीड रोल में हैं.

## 'पंचायत' सीरीज के आ चुके है तीन सीजन

साल 2020 में ग्रामीण जीवन पर बनी सीरीज 'पंचायत' का सफर शुरू हुआ था. अपने तीन शानदार पड़ाव पूरे कर चुका सीरीज का सीजन 4, ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर 2 जुलाई को प्रीमियर के लिए तैयार है, जिसमें पसंदीदा किरदारों और उनके जीवन की कहानी का मजेदार सफर देखने को मिलेगा. मई 2022 में इसका दूसरा सीजन आया. साल 2023 में 'पंचायत' का तीसरा सीजन आया और सभी हिट रहे.

## 'पंचायत' का चौथा सीजन जल्द आने वाला है

ग्रामीण भारत की पृष्ठभूमि पर आधारित दिल को छू लेने वाली कॉमेडी और मनोरंजन से भरपूर सीरीज के बहुप्रतीक्षित सीजन 4 का भी निर्माताओं ने ऐलान कर दिया है. फुलेरा गांव के सचिव जी अपनी मंडली के साथ दर्शकों को एंटरटेनमेंट का फुल डोज देने के लिए तैयार हैं.ग्रामीण पृष्ठभूमि पर बनी यह सीरीज शहरों और गांव की जिंदगी के बीच लोगों के हर दिन की चुनौतियों और राजनीतिक दांव-पेंच में उलझी कहानियों को दिखाती है. जिसमें आपके लिए संदेश भी है और यह भी बताने की कोशिश है कि आगे बढ़ते जाने का नाम ही जिंदगी है.

## 'दुपहिया' सीरीज का दूसरा सीजन भी आने वाला है

वहीं, इसी साल आए काल्पनिक गांव धड़कपुर पर बनी वेब सीरीज 'दुपहिया' के दूसरे सीजन की भी घोषणा हो चुकी है. सीरीज में अभिनेता गजराज राव और रेणुका शहाणे मुख्य भूमिका में हैं. अपने पहले सीजन की सफलता के बाद, वेब सीरीज 'दुपहिया' अपने दूसरे सीजन से वापसी के लिए तैयार है. शो का सीजन 2 अभी तैयार किया जा रहा है.

सीरीज ने पहले सीजन में मंझे हुए कलाकारों, हास्य, शानदार अभिनय और छोटे से गांव की कहानी दर्शकों को पसंद आई. सीरीज में गजराज राव, रेणुका शहाणे, भुवन अरोड़ा, स्पर्श श्रीवास्तव, शिवानी रघुवंशी और यशपाल शर्मा मुख्य भूमिकाओं में हैं. सीरीज की कहानी को अविनाश द्विवेदी और चिराग गर्ग ने रचा है. 'दुपहिया' प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई है.

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.